दिन–रविवार दिनांक– 24 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. जदयू ने लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में अपने सोलह प्रत्याशियों की सूची जारी की।

02. सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिन्टू और सीवान से कविता सिंह का टिकट कटा। राजद छोडकर जदयू में शामिल हुई लवली आनंद को शिवहर से बनाया गया उम्मीदवार।

03. जदयू के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी राजद मे शामिल। मधुबनी से चुनाव लड़ने की संभावना।

04. और, आज होलिका दहन है। होली के अवसर पर शांति और व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए।

विस्तार से.........

———————————————————————

जनता दल यूनाइटेड ने अपने कोटे की सभी सोलह सीटों पर आज प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। बारह मौजूदा सांसदों को पार्टी ने फिर से टिकट दिया है। सीतामढ़ी लोक सभा सीट से सुनील कुमार पिंटू और सिवान संसदीय क्षेत्र वर्तमान सांसद कविता सिंह टिकट कटगया है। पार्टी ने सिवान से विजयलक्ष्मी कुशवाहा और सीतामढ़ी से विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को प्रत्याशी घोषित किया गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से........

———बाईट———

राष्ट्रीय जनता दल को छोडकर हाल में जदयू पार्टी में शामिल हुई लवली आनंद को शिवहर से उम्मीदवार बनाया गया है। एनडीए में हुए समझौते के तहत भाजपा ने दो हजार उन्नैस में जीती हुई अपनी शिवहर सीट जदयू को दी है। पार्टी ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को फिर से मुंगेर से उम्मीदवार बनाया है। इसी प्रकार दुलाल चंद्र गोस्वामी कटिहार से, कौशलेंद्र कुमार नालंदा से और अजय कुमार मंडल भागलपुर से पार्टी के प्रत्याशी बनाये गये हैं। सुनील कुमार कुशवाहा को वाल्मीकिनगर से जबकि दिनेश चंद्र यादव को मधेपुरा से फिर उम्मीदवार बनाया गया है। संतोष कुशवाहा में जदयू ने भरोसा कायम रखते हुए उन्हें पूर्णिया सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। जबकि रामप्रीत मंडल झंझारपुर, गिरधारी यादव बांका और चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी एक बार फिर जहानाबाद सीट से चुनाव लड़ेंगे। एनडीए में हुए सीट शेयरिंग समझौते के तहत जदयू की गया और काराकाट संसदीय सीट सहयोगी दलों के खाते में चली गयी है। इसके कारण गया के वर्तमान सांसद विजय मांझी और काराकाट के महाबली सिंह को टिकट से वंचित होना पड़ा है। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना

पार्टी ने अन्य जिन उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है उसमें किशनगंज से मास्टर मुजाहिद आलम, सुपौल से दिलेश्वर कामत, और गोपालगंज से डॉ आलोक कुमार सुमन प्रमुख हैं। पटना में जदयू प्रदेश मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जदयू उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, वरिष्ठ नेता संजय झा, विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव और राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह उपस्थित थे।

——————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुंगेर से पार्टी के  उम्मीदवार ललन कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए एकजुट है। श्री सिंह ने महागठबंधन में शामिल घटक दलों पर स्वार्थ की राजनीति करने का आरोप लगाया।

———बाईट———

——————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल की ओर से प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिये जाने से महागठबंधन में टकराव बढ़ गया है। कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष के आसार दिख रहे हैं। महागठबंधन के दलों के बीच सीटों का बंटवारा अभी तय नहीं हुआ है। इसके बावजूद राजद ने अपने कई उम्मीदवारों को सिंबल दे दिये हैं। पहले चरण की चार सीटों औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही आठ अन्य उम्मीदवारों को भी पार्टी ने सिंबल दे दिया है। राजद ने अबतक बारह उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल प्रदान कर दिया है। इधर, महागठबंधन में शामिल वाम दलों, सीपीआई और सीपीएम ने भी दो सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर दिये हैं।

——————————————————————

एनडीए के कई मौजूदा सांसदों का टिकट कटने या संसदीय क्षेत्र बदलने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। शिवहर की सीट जदयू के खाते में गयी है, जहां से जदयू ने लवली आनंद को उम्मीदवार बनाया है। जिसके कारण शिवहर से भाजपा की मौजूदा सांसद रमा देवी का टिकट कट गया है। वहीं, गया सीट से हम प्रमुख जीतनराम मांझी

के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद मौजूदा जदयू सांसद विजय मांझी का भी टिकट कट गया है।

——————————————————————

इधर, जदयू के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी आज राजद मे शामिल हो गए। पटना में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने श्री फातमी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। अली अशरफ फातमी के मधुबनी से चुनाव लड़ने की संभावना है। फिलहाल राजद ने इस संबंध में औपचारिक ऐलान नहीं किया है।

——————————————————————

चुनाव आयोग ने उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है। आयोग ने पार्टी को चुनाव चिन्ह के रूप में रसोई गैस का सिलेंडर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने आज पटना में इस बात की जानकारी दी। एनडीए में शामिल उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को सीट शेयरिंग में एक सीट काराकाट मिली है। इधर, प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी को चुनाव आयोग ने सेब चुनाव चिह्न आवंटित किया है।

——————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि उनकी पार्टी एनडीए को मजबूत बनाने के लिए काम करेगी। पटना में संवाददाताओं से बात करते हुए श्री पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनका कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए बिहार की सभी चालीस सीटों पर जीत दर्ज करेगा।

——————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में

चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

–––बाईट–––

भागलपुर संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने बताया कि निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

**बाइट –डॉ नवल किशोर चौधरी, जिला पदाधिकारी–**

इधर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए जिला प्रशासन जुटा हुआ है। अवैध तरीके से पूरे शहर में व्यावसायिक विज्ञापन लगाने के आरोप में भागलपुर नगर निगम द्वारा कई निजी और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों पर आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज किए गए हैं। मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नए मतदाताओं में पहली बार वोटिंग को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**बाइट–नए मतदाता 1, 2 –**

कई उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी तय मान चुनावी दंगल में ताल ठोकने लगे हैं। जिससे भागलपुर संसदीय क्षेत्र में चुनावी माहौल परवान चढने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

————————————————————

निर्वाचन आयोग अपने आदर्श वाक्य कोई मतदाता पीछे न छूटे पर ध्यान केन्द्रित करते हुए हर समय सुलभ मतदान के लिए कार्य कर रहा है। इस अभियान पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

–––बाईट–––

चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और 40 प्रतिशत विकलांगता वाले दिव्यांगजन घर से मतदान कर सकते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्रों पर स्वयंसेवक और व्हील चेयर उपलब्ध रहेंगे। आयोग दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए परिवहन सुविधा की भी व्यवस्था कर रहा है। आयोग ने दिव्यांगजनों के लिए सक्षम मोबाइल ऐप शुरू किया है। दिव्यांगजनों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, केवल महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र और मॉडल मतदान केंद्र भी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में भी होंगे। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार।

————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने होली पर्व के दौरान शिक्षकों की छुट्टिया रद्द किए जाने और उन्हें प्रशिक्षण के लिए भेजने का विरोध किया है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर राज्य सरकार के इस आदेश का विरोध किया है।

————————————————————

आज होलिका दहन है। होलिका दहन अगजा का अनुष्ठान फाल्गुन माह के पूर्णिमा की रात को किया जात है। इस वर्ष भद्रा नक्षत्र का साया रहने के कारण

होलिका दहन के एक दिन बाद रंगों की होली मनायी जायेगी। लोगों में होली को लेकर विशेष उत्साह दिख रहा है। बाजार रंग–गुलाल पिचकारी से गुलजार है। होली को लेकर प्रशासन विशेष चौकसी बरत रहा है और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गयी है। अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। होली के मौके पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। पुलिस मुख्यालया ने उग्रवाद प्रभावित जिलों में की कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया है। इधर, पटना समेत कई जिलों में विभिन्न स्थानों पर आज शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

————————————————————

उत्तर रेलवे होली के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए कई विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि आज रात नौ बजकर बीस मिनट पर नई दिल्ली से इस्लामपुर के लिए अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस क्रम में यह रेलगाड़ी गाजियाबाद, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, आरा और पटना स्टेशनों पर रूकेगी।

————————————————————

आज तपेदिक दिवस है। आज ही के दिन अठारह सौ बयासी में डॉ. रॉबर्ट कोच ने टीबी रोग के लिए जिम्मेदार जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की पहचान की थी। इस दिवस का उद्देश्य तपेदिक के बारे में लोगों को जागरूक करना और इसके फैलाव को रोकना है। टीबी रोग फेफडों को सर्वाधिक प्रभावित करता है और किडनी, रीढ की हड्डी और मस्तिष्क पर भी असर डालता है। इस अवसर पर जिलों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया।

————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों के मौसम में बदलाव हो रहा है। पिछले दो दिनों से जारी बारिश का सिलसिला रूक गया है और अधिकतर स्थानों पर

मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानि कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

———बाईट———

————————————————————————

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर......

01. जदयू ने लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में अपने सोलह प्रत्याशियों की सूची जारी की।

02. सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिन्टू और सीवान से कविता सिंह का टिकट कटा। राजद छोडकर जदयू में शामिल हुई लवली आनंद को शिवहर से बनाया गया उम्मीदवार।

03. जदयू के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी राजद मे शामिल। मधुबनी से चुनाव लड़ने की संभावना।

04. और, आज होलिका दहन है। होली के अवसर पर शांति और व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए।

————————————————————————

समाप्त हुआ।